प्रारुप–6

# प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

आज दिनाँक 04.11.2019 को अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 नरेन्द्रनगर (एजेन्सी का नाम) के द्वारा संसमण–कौड़ियाला मोटर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग (एन0एच0–58) से जोड़ने हेतु मार्ग का नव निर्माण /प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री रविन्द्र सिंह रावत अनुभाग अधिकारी एवं श्री लखपत सिंह वन दरोगा, यशवन्त सिंह वन आरक्षी कौड़ियाला बीट, राजस्व विभाग की ओर से श्री ओंकार सिंह रावत राजस्व उप निरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री गोपाल सिंह मेट, श्री रमेश सिंह विष्ट अमीनव श्री ए0के0 सकलानी कनिष्ठ अभियन्ता, अन्य दावेदारों की ओर से श्री ........ तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप मेंतेजपाल सिंह राणा क्षेत्र पंचायत सदस्य बडीर एवं श्रीमती सोनम ग्राम प्रधान,ग्राम पंचायात संसमण के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखणों के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 3000.00 (मी0) नाप भूमि से, 0.00 (मी0) सिविल भूमि से, 0.00 (मी0) वन पंचायत से, 1750.00 (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 2.415 हे0 नाप भूमि 0.0 हे0 सिविल भूमि,1.225 हे0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 1.225 हे0 वन भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर 203 वृक्ष खैर, झींगन, बांकली, कुकाट, हल्दू, बहेड़ा, सैन, कन्जू, तुन एवं सेमल प्रजाति के प्रभावित हो रहे हैं, जिनमे बॉज प्रजाति का कोई वृक्ष प्रभावित नही हो रहा है। इस समरेखण की तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 3000.00 (मी0) नाप भूमि, 0.00 (मी0) सिविल भूमि, 0.00 (मी0) वन पंचायत, 2000.00 (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 2.415 हे0 नाप भूमि,0.00 हे0 सिविल भूमि 0.00 हे0 वन पंचायत भूमि, 1.400 हे0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 2.485 हे0 वन भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 240 वृक्ष खैर, झींगन, बांकली, कुकाट, हल्दू, बहेड़ा, सैन, कन्जू, तुन एवं सेमल प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमे बॉज प्रजाति के कोई वृक्ष प्रभावित नही होगें।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण आरक्षित वन कौड़ियाला बीट कक्ष संख्या 1 से गुजरेगा/में स्थित है। इन कक्षों की वर्तमान वन आच्छादन 0.40 है एवं इन कक्षों में खैर, झींगन, बांकली, कुकाट, हल्दू, बहेड़ा, सैन, कन्जू, तुन एवं सेमल प्रजाति के वन हैं जिनका वर्तमान वन आच्छादन 0.40 है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का **GPS** मान 78°30'22.78''**E**, 30°04'52.71''**N** है तथा यह स्थल संसमण कौड़ियाल मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल कौड़ियाल के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 58/07 है जिसका **GPS** मान 78°30'11.07''**E**, 30°04'24.06''**N** है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के **GPS** मान 78°24'5.52''**E**, 30°05'05.33''**N**, 78°30'43.52''**E**, 30°05'01.20''**N**, 78°30'45.67''**E**, 30°04'51.68''**N**, 78°30'32.73''**E**, 30°04'29.44''**N**78°30'28.47''**E** व 30°04'26.06''**N** हैं।

चयनित समरेखन में कुल शून्य पौधों को अन्य स्थान्तरित **(translocate)** किया जाना आवश्यक होगा ।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है ।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।

इस समरेखण पर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु नाप भूमि के खेत/स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका **GPS** मान 78°30'37.54''**E**, 30°05'0.79''**N**,78°30'33.89''**E**, 30°04'56.01''**N** व 78°30'41.66''**E**, 30°04'53.17''**N** हैं।

| | | |
|---|---|---|
| अपर सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0<br>नरेन्द्रनगर। | सहायक अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0<br>नरेन्द्रनगर। | अधिशासी अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0<br>नरेन्द्रनगर। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (वन विभाग)<br>प्रतिनिधि | (राजस्व विभाग)<br>प्रतिनिधि | (अन्य दावेदार)<br>प्रतिनिधि | (जन प्रतिनिधि)<br>प्रतिनिधि |